हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, सोमवार 13 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 39 .0 डिग्री
न्यूनतम 24 .5 डिग्री

12 हरियाणा अंडर-17 शतरंज चैंपियनशिप ..



12 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हरियाणा दौरा विकास के ...



## खबर संक्षेप

### मकान के नाम पर महिला से 12 लाख की ठगी

**यमुनानगर।** बैंक लोन खत्म होने का झांसा देकर गिरवी रखा मकान बेचने के नाम पर एक महिला से करीब 12 लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। शांति कॉलोनी निवासी सुमित्रा देवी की शिकायत पर आर्थिक अपराध शाखा की जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद सिटी यमुनानगर थाना पुलिस ने राज कुमार उर्फ राजू सोंकी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। आरोपी ने वर्ष 2020 में 2027 तक लोन खत्म होने का दावा कर मकान का सौदा किया था, लेकिन जांच में पता चला कि मकान का बैंक लोन वर्ष 2055 तक है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सर्राफा कारोबारी से लूट के दो आरोपी गिरफ्तार

**यमुनानगर।** रादौर के मुख्य बाजार में सर्राफा कारोबारी से लाखों रुपये की लूट के मामले में सीआईए-2 पुलिस ने करनाल के इंद्री क्षेत्र से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है, जबकि तीसरे आरोपी की तलाश जारी है। चार जुलाई को शाकुंभरी ज्वेलर्स के संचालक अमित कुमार से नकदी से भरा बैग लूट लिया गया था। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपियों ने वारदात से पहले कारोबारी की दुकान और घर की रेकी की थी। सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदीप और नीरज को गिरफ्तार किया गया। पुलिस हथियार, लूटी गई नकदी और अन्य साक्ष्य बरामद करने में जुटी है।

### पानीपतः तिहरे हत्याकांड का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** पानीपत के गांव डिकाडला में स्कॉर्पियो से कुचलकर तीन दोस्तों नरेंद्र, विनोद, अनीप की हत्या करने के मामले में सीआईए वन पुलिस ने चौथे आरोपी डिकाडला निवासी राजबीर को गिरफ्तार किया है। वहीं, थानेदार फूल कुमार ने बताया कि पूछताछ में आरोपी राजबीर ने तिहरे हत्याकांड में पहले गिरफ्तार हो चुके इसी गांव निवासी अपने साथी आरोपी मनीष, तेजबीर उर्फ तेजा, संदीप और नामजद फरार अन्य साथी आरोपियों के साथ मिलकर रंजिशन उक्त वारदात को अंजाम देना स्वीकारा। नरेंद्र, विनोद, अनीप की हत्या के केस में अब भी फरार चल रहे हैं।

### गांव अढ़ोनी में सेवादार की पुजारी से मारपीट मामले में सख्त कार्रवाई

# पुजारी को गमछा डाल घसीटने वाले की मजार टूटेगी, कुरुक्षेत्र प्रशासन का नोटिस

**गांव के रास्तों पर करीब 17-18 घरों का हिस्सा आ रहा, उसे हटाने की प्रक्रिया भी शुरू होगी**

**मामले में फरार तीसरे आरोपी इंद्र को गिरफ्तार कर की जा रही है पूछताछ**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र में पुजारी के साथ मारपीट मामले में अब प्रशासन भी सख्त हो गया है। अढ़ोनी गांव के सरपंच परमजीत सिंह ने कहा- मजार के अगला हिस्सा तोड़ा जाएगा। कल (सोमवार) प्रशासन की टीम मजार का अवैध हिस्सा हटाएगी। गांव के शिव मंदिर के पुजारी योगीराज के साथ 9 जुलाई को दरगाह सेवादार पंकज ने मारपीट की थी। गले में परना डालकर उन्हें सड़क पर घसीटकर टांग तोड़ दी गई। पुजारी का अभी एलएनजेपी में में इलाज चल रहा है। वहीं, पुजारी से मारपीट के विरोध में विश्व हिंदू परिषद ने दरगाह के बाहर प्रदर्शन का ऐलान किया है। साधु समाज ने मंदिर प्रांगण में एक मीटिंग भी की। संगठन के पदाधिकारियों का कहना है- घटना को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुजारी मंदिर में पूजा-पाठ करने ही तो आया था। इधर, पुजारी से मारपीट करने से पहले पंकज की एक और वीडियो सामने आई है। इसमें पंकज पुजारी की कुटिया की रेकी कर रहा है। अपने मोबाइल पुजारी के पूरे घटनाक्रम को शूट कर रहा है।



### आज होगी कार्रवाईः सरपंच

गांव अढ़ोनी के सरपंच परमजीत सिंह ने बताया कि प्रशासन की ओर से कल गांव में अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की ओर से नोटिस भेजे गए हैं। गांव के रास्तों पर करीब 17-18 घरों का हिस्सा आ रहा है। उसे हटाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### पंकज के घर का कब्जा भी हटेगा

सरपंच परमजीत सिंह ने आगे कहा- दरगाह का अगली साइड का 3.4 फीट का एरिया रास्ते में आ रहा है। इसे हटाया जाएगा। साथ ही पुजारी के साथ मारपीट करने वाले आरोपी पंकज के घर का एक तरफ का 7 फीट का हिस्सा रास्ते में आ रहा है, उस पर भी कार्रवाई की जाएगी।

### साधुओं की मीटिंग में दरगाह हटाने की मांग

खड़दल साधु समाज के संगठन महामंत्री सुनील दास ने बताया कि शनिवार को गांव के शिव मंदिर में एक मीटिंग हुई। इस मीटिंग में विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी भी शामिल हुए। उन्होंने कहा- इस मामले में सरकार को जल्द संज्ञान लेना चाहिए। साधु समाज इस घटना की कठोर निंदा करता है। सनातन धर्म को मिटाने के लिए ही गांव में ये दरगाह बनाई गई है।

### सेवादार की पुलिस-कस्टडी से भागने की कोशिश, पुल से कूदा, टांगे टूटी

**कुरुक्षेत्र।** अढ़ोनी गांव में 74 वर्षीय पुजारी योगीराज गिरी की टांग तोड़ने और उन्हें घसीटने के मामले में गिरफ्तार मुख्य आरोपी पंकज ने पुलिस हिरासत से भागने की कोशिश की। आरोपी पुलिस कर्मियों के हाथ छुड़ाकर जीटी रोड पर पुल से नीचे कूदने से टांगे टूट गई। थाना सदर के एसएचओ रणधीर सिंह ने बताया कि मुख्य आरोपी पंकज को कोर्ट से 13 जुलाई तक पुलिस रिमांड पर लिया गया है। वहीं, पुलिस ने रविवार को तीसरे आरोपी इंद्र को गिरफ्तार कर लिया है, जिससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार, रास्ते में आरोपी पंकज ने सांवला गांव के पुल के पास पेशाब करने की बात कही। पुलिसकर्मी उसे गाड़ी से नीचे लेकर गए। इसी दौरान उसने अचानक पुलिस कर्मियों का हाथ छुड़ाया और नहर पुल से नीचे कूदकर गया। इसमें उसका एक पैर टूट गया और दूसरे में फ्रैक्चर हो गया। पुलिस के मुताबिक, पंकज अढ़ोनी गांव स्थित



अस्पताल में उपचाराधीन आरोपी।

नकोदर दरगाह का मुख्य सेवादार है और उस पर पुजारी योगीराज गिरी पर हमला कर उनकी टांग तोड़ने तथा उन्हें घसीटने का आरोप है। कुरुक्षेत्र पुलिस ने मंदिर के पुजारी से मारपीट करने के तीसरे आरोपी को गिरफतार किया है। पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के कुशल मार्गदर्शन में थाना सदर थानेसर की टीम ने मंदिर के पुजारी से मारपीट करने के आरोपी इन्द्र राम वासी डेरा राईया वालि धुराली जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

# टांगरी का पानी उतरा, बस्तियों में कीचड़ ने बढ़ाई मुसीबत

**हर साल उजड़ते हैं आशियाने, प्रशासन पर अनदेखी का आरोप**



अंबाला। टांगरी नदी किनारे बस्ती में कीचड़ से गुजरते लोग।

- तटबंधों की मरम्मत में जुटा सिंचाई विभाग, नदी के किनारे जाने पर रोक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

पहाड़ों पर बारिश थमने के बाद टांगरी नदी का पानी तो उतर गया है लेकिन आसपास बसी बस्तियों के लोगों के सामने कई तरह की समस्याएं खड़ी हो गई। नदी पूरी तरह शांत नजर आ रही है। पर अपने पीछे रिहायशी इलाकों में गाद और भारी गंदगी छोड़ गई। अब लोगों के लिए कीचड़ नई मुसीबत बन गया है। लोगों का कहना है कि वे अपने घरों और गलियों की सफाई शुरू करें या फिर दोबारा बारिश आने की आशंका के कारण कुछ दिन और रुकें। कॉलोनीवासियों का कहना है कि हर बार की तरह इस बार भी प्रशासन के पुख्ता दावों की पोल खुल गई है। जलभराव से लोगों का सामान भी खराब हुआ है। अब कीचड़ व गंदगी से बीमारियों का डर सता रहा है। उधर स्थिति को देखते हुए सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने मोर्चा संभाल लिया है। विभाग की टीमों ने नदी के तटबंधों के किनारे डेरा डाल दिया है ताकि बाढ़ के दौरान क्षतिग्रस्त हुए हिस्सों को तुरंत सुधारा जा सके। अधिकारियों का कहना है कि भविष्य में किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए तटबंधों की मजबूती पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर सख्त कदम उठाए हैं। संभावित खतरे को देखते हुए नदी और नालों के आसपास जाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। आदेशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। टांगरी नदी के पास बसी बस्तियों के लोग बरसाती सीजन की वजह से सहम जाते हैं। उनका आरोप है कि हर साल टांगरी नदी उनके आशियाने उजाड़ रही है। मगर अफसर उनकी कोई बात नहीं सुनते। लोगों का कहना है कि हर साल ऐसा होता है।

**पिहोवा में घटना, कारणों का खुलासा नहीं**

## श्मशान घाट के अदंर पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

पिहोवा में रविवार को युवक ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। युवक का शव गो चरांद के श्मशान घाट के अदंर पेड़ पर परने के सहारे लटका मिला। आसपास के लोगों ने शव लटका देखा तो डायल-112 पर सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची, शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मृतक की पहचान गांव गो चरान के रहने वाले 25 वर्षीय रमनदीप के रूप में हुई है। शुरूआती जांच में घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है। रमन का श्मशान घाट के पास में ही घर है। गो चरांद में एसआईआर का कार्य चल रहा था। इसी दौरान किसी व्यक्ति ने श्मशान घाट में पेड़ पर युवक का शव लटका देखा। पुलिस टीम ने घटनास्थल का जायजा लिया। रमन के पिता गुरदेव सिंह घर पर ही रहते हैं। कुछ समय पहले गुरदेव सिंह का एक्सीडेंट हो गया था। भाई पंजाब में किसी फैक्ट्री में काम करता है। रमन के घर के आर्थिक हालात ठीक नहीं है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। उधर, थाना सिटी पिहोवा में कार्यरत जांच अधिकारी अरक पवन कुमार ने बताया कि अभी आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हैं।

**गले में चुन्नी बंधी मिली, शिनाख्त नहीं**

## पानीपत में सड़क पर मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

पानीपत के हुडा सेक्टर 13-17 में माउंट आबू इंटरनेशनल स्कूल के पास मुख्य सड़क किनारे रविवार को एक अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला। मृतक के गले में काली चुन्नी बंधी हुई थी, उसकी शिनाख्त नहीं हुई है। थाना हुडा 13-17 पुलिस, सीआईए वन की टीम मौके पर पहुंची और जांच की। वहीं, एफएसएल की टीम ने शव की जांच की। जांच में मृतक के शरीर पर चोट का कोई दूसरा निशान नहीं था, जबकि गले में कस कर काली चुन्नी बंधी हुई थी। एफएसएल की टीम ने मृत की उम्र करीब 25/26 साल बताई। वहीं, गले में चुन्नी बंधे होने और सड़क किनारे लावारिस हालत में शव मिलने से पुलिस इस मामले को हत्या का मामला मान रही है। इधर, पुलिस ने मृतक के हुलिया और कपड़ों का विवरण भेज दिया है। वहीं, पुलिस ने शव को नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया है।

# कुरुक्षेत्र में 12 साल की बच्ची निकली गर्भवती, पेट में दर्द होने पर खुला राज

- नाबालिग बड़े भाई ने किया रेप, सोशल मीडिया पर देखी वीडियो

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

शहर में पेट दर्द की शिकायत लेकर मां के साथ अस्पताल आई 12 साल बच्ची दो महीने की गर्भवती मिली। महिला डॉक्टर ने नाबालिग बच्ची से पूछताछ की। तब उसने अपने बड़े नाबालिग भाई (14) पर गलत काम करने का आरोप लगाया। घटना का खुलासा होने पर मां सन्न रह गई। इसके बाद डॉक्टर ने पुलिस को सूचना दी। अब मां की शिकायत पर पुलिस ने नाबालिग आरोपी बेटे के खिलाफ पॉक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। अब पुलिस दोनों नाबालिग भाई-बहन का मेडिकल कराएगी। उसके बाद आगे की कार्रवाई होगी। आरोपी ने फेसबुक पर वीडियो देखकर गलत काम किया था। पीड़ित मां ने पुलिस को बताया कि, वह करीब 10 साल पहले अपने पति के साथ बिहार से कुरुक्षेत्र में मजदूरी करने आई थी। करीब 4 साल पहले उसके पति की करंट लगने से मौत हो गई थी। परिवार में दो बेटे और दो बेटियां हैं। वह दिहाड़ी मजदूरी कर बच्चों का पालन-पोषण कर रही है। शुक्रवार 10 जुलाई को उसकी बड़ी बेटी पेट में तेज दर्द होने की शिकायत करने लगी। दर्द लगातार बढ़ने पर वह उसे एलएनजेपी अस्पताल लेकर पहुंची। यहां महिला रोग विशेषज्ञ ने उसकी बेटी की जांच की। जांच में डॉक्टर ने बच्ची के करीब 2 महीने की गर्भवती होने की पुष्टि हुई। मां ने बताया की बच्ची ने बताया कि उसके बड़े भाई ने उसके साथ गलत काम किया था।

### नेशनल हाइवे पर पिकअप की चपेट में आने से युवक की मौत

**तरावड़ी।** देर रात्रि तरावड़ी नेशनल हाइवे पर सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी हाउस भिजवा दिया है। जानकारी के अनुसार हिमाचल से एक युवक लिफ्ट लेकर उत्तरप्रदेश के बहराइच जा रहा था, लेकिन जिस गाड़ी में वह बैठा था उसमें अचानक तकनीकि खराबी आ गई और ड्राइवर ने गाड़ी साइड में लगाकर दूसरी गाड़ी में सामान लोड करवाने के लिए खड़ी कर दी, लेकिन युवक उस गाड़ी से उतरकर सड़क पार करने लगा तो अचानक एक पिकअप गाड़ी ने उसे टक्कर मार दी और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की अभी शिनाख्त नहीं हुई है। पुलिस मृतक युवक की पहचान के प्रयास कर रही है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी हाउस रखवा दिया गया है।

## अवैध पिस्तौल व चार कारतूस के साथ दो युवक गिरफ्तार

**यमुनानगर।** जिला पुलिस की स्पेशल स्टाफ टीम ने रटोली-कांसापुर रोड से बाइक सवार दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक अवैध देसी पिस्तौल और चार जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। आरोपियों की पहचान सहारनपुर के नकुड़ निवासी अमजद और अली शेर के रूप में हुई है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने नाकाबंदी कर दोनों को दबोचा। पुलिस ने शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अमजद को एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है, जबकि अली शेर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। अली शेर के खिलाफ पहले भी अवैध हथियार का मामला दर्ज है।



यमुनानगर। स्पेशल स्टाफ टीम द्वारा पकड़े गए आरोपी युवक। फोटो : हरिभूमि

## जीपीएस फेंका, फिर पेट्रोल पंप से 18 टायरी ट्रॉला ले उड़े चोर

**मुलाना।** खान अहमदपुर के पेट्रोल पंप से 18 टायरी ट्रॉला चोरी होने का मामला सामने आया है। चोरों ने वारदात से पहले ट्रॉले में लगा जीपीएस सिस्टम उतारकर वहीं फेंक दिया, जिससे उसकी लोकेशन काफी देर तक पेट्रोल पंप की ही दिखाई देती रही। शनिवार दोपहर ट्रॉला गायब मिलने पर मालिक को चोरी का पता चला।ट्रॉला संचालक धीन गांव निवासी जगदीप सिंह ने बताया कि वह रात के समय अपना ट्रॉला खान अहमदपुर स्थित पेट्रोल पंप पर खड़ा करते थे। शुक्रवार रात करीब 10 बजे ट्रॉला पंप पर खड़ा किया गया था। रात करीब ढाई से तीन बजे के बीच चोर ट्रॉला लेकर फरार हो गए।सीसीटीवी फुटेज में ट्रॉला अंबाला की ओर जाता दिखाई दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच अधिकारी प्रवीण कुमार ने बताया कि आसपास के कैमरों और कालपी ब्रिज की फुटेज खंगाली जा रही है।



## युवक पर चाकू से जानलेवा हमला, तीन आरोपियों पर केस

**करनाल।** करनाल के पुराने बस स्टैंड के पास डोमिनोज पिज्जा के नजदीक एक युवक पर आधी रात को तीन युवकों ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। घायल की पहचान शिव कॉलोनी निवासी कृष्ण उर्फ निग्मू (22) के रूप में हुई है, जो डोमिनोज पिज्जा के पास काम करता है। पीड़ित के अनुसार, 3-4 दिन पहले उसके दोस्त राहुल और गौरव के बीच झगड़ा हुआ था, जिसमें उसने बीच-बचाव कराया था। उसी दौरान गौरव ने उसे देख लेने की धमकी दी थी। शनिवार रात कृष्ण रोड धर्मशाला से डोमिनोज की ओर जा रहा था। रास्ते में गौरव अपने दो साथियों के साथ मिला और तीनों ने उसे रोक लिया। आरोप है कि गौरव ने उसकी कमर तथा दोनों बाजुओं पर चाकू से कई वार किए, जबकि उसके दोनों साथियों ने थप्पड़ और मुक्कों से मारपीट की। हमले के दौरान कृष्ण किसी तरह बचकर डोमिनोज पिज्जा के मुख्य गेट तक पहुंच गया। कर्मचारियों को देखकर आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल ने बताया कि वह तीनों आरोपियों को सामने आने पर पहचान सकता है।

**विस अध्यक्ष कल्याण ने पुंडरी में सवा करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास किया, बोले**

# पार्टीबाजी से दूर रहें, सामूहिक कार्यों में सहयोग करें

हरिभूमि न्यूज ▸▸| घरौंडा

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने ग्रामीणों से पार्टीबाजी से दूर रहकर सामूहिक विकास कार्यों में सहयोग करने और छोटे-मोटे विवाद गांव स्तर पर ही सुलझाने की अपील की। उन्होंने पुंडरी गांव में महिला चौपाल बनवाने की घोषणा की तथा करीब सवा करोड़ रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास किया। घरौंडा विधानसभा क्षेत्र के गांव पुंडरी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने विधानसभा अध्यक्ष का पुष्पगुच्छ और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने कश्यप चौपाल, पाल चौपाल, सामुदायिक केंद्र तथा पीर बाबा के निकट बनने वाले हॉल का शिलान्यास किया। इन सभी निर्माण कार्यों को पंचायत एवं विकास विभाग द्वारा कराया जाएगा।इस अवसर पर हरविंद्र कल्याण ने कहा कि वे क्षेत्र के लोगों को केवल मतदाता नहीं, बल्कि अपने परिवार का सदस्य मानते हैं। पिछले 10-12 वर्षों में क्षेत्र में अनेक विकास कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कार्यकाल में कई बड़े प्रोजेक्ट मंजूर हुए, जिनका लाभ आने वाली पीढ़ियों को मिलेगा। वहीं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अंत्योदय की भावना के साथ कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनावी राजनीति कुछ दिनों की होती है। चुनाव के बाद सभी मतभेद भुलाकर गांव, समाज और राष्ट्र के विकास के लिए मिलकर काम करना चाहिए। जिन गांवों में भाईचारा मजबूत होता है, वहां विकास भी तेजी से होता है। उन्होंने ग्रामीणों से स्वच्छता बनाए रखने और शिक्षित व संपन्न लोगों से जरूरतमंद परिवारों की मदद करने की भी अपील की। विधानसभा अध्यक्ष ने गांव में महिला चौपाल के साथ-साथ लाइब्रेरी की आवश्यकता पर भी बल दिया।



# नशा तस्करीः 51 ग्राम हेरोइन के साथ ई-रिक्शा चालक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने 51 ग्राम हेरोइन के साथ एक ई-रिक्शा चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया, जहां से पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड हासिल किया गया। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार इंचार्ज अनिल कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति जगाधरी वर्कशॉप रोड स्थित गुरु तेग बहादुर गली में नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में घूम रहा है। इस सूचना के आधार पर एएसआई कर्मबीर के नेतृत्व में अमित कुमार, जयपाल, मराठा, कुलदीप, ललित और आशीष की टीम का गठन किया गया। टीम ने बताए गए स्थान पर पहुंचकर संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लिया। नियमानुसार मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट को बुलाया गया और उनकी मौजूदगी में आरोपी की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 51 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी की पहचान पुराना हमीदा खड्डा कॉलोनी निवासी अब्दुल जब्बार के रूप में हुई। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी के खिलाफ पहले भी अवैध शराब से संबंधित एक मामला दर्ज है।



## खबर संक्षेप

### शिविर में 150 ग्रामीणों ने स्वास्थ्य की जांच करवाई

इंद्री। के गांव मुरादगढ़ में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के सेवा सप्ताह के अंतर्गत एक निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में करीब 150 ग्रामीणों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में (जिला सह मंत्री विश्व हिंदू परिषद करनाल )आचार्य प्रदीप कुमार वत्स ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि बजरंग दल न केवल संस्कृति की रक्षा करता है, बल्कि समाज में सेवा के कार्यों को भी पूरी निष्ठा से संचालित करता है। शिविर में चिकित्सकों ने मरीजों के ब्लड प्रेशर, शुगर व अन्य प्राथमिक जांच की । इस शिविर मे डॉ बलवान सिंह चौहान, डॉ निकिता त्यागी व डॉक्टर शोभा ने सामान्य बीमारियों से पीड़ित मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर मौसमी बीमारियों से बचाव के बारे मे जानकारी दी। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक गौरव नाथ, भारती शर्मा,कश्मीरी लाल, सुरेश कुमार,मास्टर बलराज आदि मौजूद रहे।

### सभी मतदाता अपना प्रपत्र भरकर बीएलओ के पास जमा करवाएं : उपायुक्त

# एसआईआर का 82 प्रतिशत काम हो चुका है पूराः डीसी

- बीएलओ ने प्रत्येक मतदाता को गणना प्रपत्र दोहरी प्रति दी है

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

जिला निर्वाचन आयोग द्वारा जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों साढ़ौरा, रादौर, जगाधरी व यमुनानगर में एसआईआर का कार्य निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार तेजी से किया जा रहा है। उक्त जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त प्रीति ने दी। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रीति ने बताया कि अब तक जिले में कुल 9 लाख 18 हजार 682 मतदाताओं में से 7 लाख 51 हजार 890 गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन किया जा चुका है। जो 82 प्रतिशत है। विस क्षेत्र साढ़ौरा (एससी) में 259 मतदान केन्द्र में कुल 2 लाख 21 हजार 984 मतदाताओं में से 1 लाख 97 हजार 519 गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन किया जा चुका है जो कि 89 फीसदी है। वहीं विस क्षेत्र जगाधरी में 243 मतदान केन्द्र में कुल 2 लाख 37 हजार 387 मतदाताओं में से 1 लाख 93 हजार 316 गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन किया जा चुका है । जो कि 81.43 प्रतिशत है। विस क्षेत्र यमुनानगर में 242 मतदान केन्द्र में कुल 2 लाख 48 हजार 191 मतदाताओं में से 1 लाख 82 हजार 743 गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन किया जा चुका है जो कि 74 प्रतिशत है। जबकि विस क्षेत्र रादौर में 2 लाख 11 हजार 120 मतदाताओं में से 1,78,312 गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन किया जा चुका है जो कि 84.46 प्रतिशत है।

#### अभियान में करें सहयोग



उपायुक्त प्रीति ने जिले के सभी पात्र नागरिकों से अपील की है कि वे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय सहयोग करें। मतदाता सूची में अपना नाम एवं विवरण सही और अद्यतन सुनिश्चित कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी भागीदारी निभाएं। उन्होंने बताया कि आयोग की हिदायत अनुसार बीएलओ द्वारा प्रत्येक मतदाता को गणना प्रपत्र दोहरी प्रति में दिए गए हैं। जिसमें मतदाता अपना विवरण भर कर बीएलओ को वापिस जमा करवायेंगे तथा बीएलओ एक गणना प्रपत्र पर हस्ताक्षर करके मतदाता या परिवार के व्यस्क सदस्य को रसीद प्राप्ति के रूप में वापिस करेंगे।

#### हस्ताक्षरित प्रपत्र समय पर जमा करें

उपायुक्त ने बताया कि कि 21 जुलाई को प्रकाशित होने वाली प्रारंभिक मतदाता सूची में केवल उन्हीं मतदाताओं के नाम शामिल किए जाएंगे। जिनसे हस्ताक्षरित गणना प्रपत्र वापिस बीएलओ को प्राप्त होते हैं। यदि किसी मतदाता का गणना प्रपत्र वापिस बीएलओ को प्राप्त नहीं होता है तो उसका नाम प्रारंभिक मतदाता सूची में शामिल नहीं होगा। उन्होंने जिला के समस्त मतदाताओं से अपील की है कि सभी मतदाता अपना प्रपत्र भरकर बीएलओ के पास जमा करें।

## सुंदरकांड का पाठकर सुख शांति की कामना की



यमुनानगर। के रादौर स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में बाबा धूनी गिरी महाराज के चरणों में पुष्प अर्पित करके आर्शीवाद लेते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

रादौर। के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में बाबा धूनी गिरी जी महाराज की 59 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर सुंदरकांड का पाठ व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भगत सुनील वर्मा के नेतृत्व में मंदिर के पुजारी कमलेश अवस्थी ने सुंदरकांड का पाठ कर सभी के लिए सुख शांति की कामना की। वहीं स्थानीय लोगों ने हवन यज्ञ में आहुति डालकर सभी के मंगल जीवन, अच्छे व्यापार, अच्छे व्यवसाय की कामना की। वहीं महिला श्रद्धालुओं द्वारा कीर्तन कर बाबा की महिमा का गुणगान किया गया। मंदिर के भगत सुनील वर्मा ने बताया कि बाबा धूनी गिरी जी महाराज का निधन 11 जुलाई 1967 को 57 वर्ष पहले हुआ था। कच्चा घाट मंदिर के महंत बाबा धूनी गिरी जी महाराज बहुत बड़े संत थे। जिनका क्षेत्र के लोग बहुत मान सम्मान करते थे। कच्चा घाट मंदिर रादौर क्षेत्र का सबसे पुराना मंदिर है। जहां आजादी से पहले लोग भारी संख्या में दूर दूर से पूजा अर्चना करने आते थे। धार्मिक आयोजनों से समाज का आपसी भाईचारा मजबूत होता है। हमारा देश अनेक धर्मों व जातियों का देश है। जहां सभी धर्मों के लोग धार्मिक आयोजनों में मिलजुल कर सहयोग करते हैं। इस अवसर पर पुजारी कमलेश अवस्थी ने श्रद्धालुओं को सुंदरकांड पाठ करके भगवान श्रीराम और वीर हनुमान के कौशल, क्षमता और उनकी महिमा को सुनाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना जरूरी : कृषि मंत्री

### भाजपा के बूथस्तर को किया जाएगा मजबूतः सपरा

- भाजपा जिला कार्यकारिणी की पार्टी के जिला कार्यालय यमुना कमल में आयोजित हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर



यमुनानगर। में पार्टी कार्यालय में आयोजित जिला कार्यकारिणी की बैठक में मंचासीन कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा व अन्य।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के 26 जुलाई को यमुनानगर आगमन की तैयारियों को लेकर भाजपा जिला कार्यकारिणी की बैठक पार्टी के जिला कार्यालय यमुना कमल में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने की।

वहीं, मुख्यातिथि के रुप में हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा मौजूद रहे। जबकि विशिष्ठ अतिथि के रुप में हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल व सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा मौजूद रहे। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल ही नहीं है। बल्कि यह सेवा का माध्यम है। हमारी कार्यकारिणी का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचे। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा ने बताया कि बैठक में आगामी पार्टी कार्यक्रमों, संगठनात्मक मजबूती और जनहित की योजनाओं को धरातल पर उतारने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है। आने वाले समय में बूथ स्तर को और अधिक मजबूत किया जाएगा । ताकि सरकार की जनकल्याणकारी नीतियां हर घर तक पहुंच सकें। जिलाध्यक्ष राजेश सपरा ने आगामी 17 जुलाई को प्रधानमंत्री के जींद आगमन हाइड्रोजन ट्रेन के शुभारंभ कार्यक्रम व 26 जुलाई को मुख्यमंत्री के जिला यमुनानगर में आगमन व नशे के खिलाफ होने वाली मैराथन दौड़ की तैयारियों के लिए कार्यकर्ताओं की ड्यूटियां लगाई गई। जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने कार्यकर्ताओं को एसआईआर कार्यक्रम, मन की बात कार्यक्रम व डिजिटल लर्निंग कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आहवान किया। इस अवसर पर विधायक घनश्यामदास अरोड़ा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता की पहचान संयम और अनुशासन है। भाजपा कार्यकर्ता सक्रिय रहकर आम जनता के कार्य करवाएं और संगठन की नीतियों को आम जनता को बताएं।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष मदन चौहान, जिला महामंत्री नरेंद्र , पूर्व विधायक बलवंत, पूर्व विधायक बिशनलाल ,चेयरमैन ईश्वर और भाजपा जिला यमुनानगर मीडिया प्रमुख कपिल मनीष गर्ग आदि मौजूद रहे।

### अभिनेता राजेंद्र कुमार की पुण्यतिथि मनाई

- रोटरी क्लब रादौर ने कस्बा में आयोजित करवाया श्रद्धांजलि कार्यक्रम

रादौर। अंतरराष्ट्रीय समाजसेवी संस्था रोटरी क्लब रादौर द्वारा रविवार को कस्बे में मशहूर अभिनेता स्वर्गीय राजेंद्र कुमार की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस दौरान क्लब के प्रधान भारत माटिया व गणमान्य ने फिल्म अभिनेता राजेंद्र कुमार के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। क्लब के प्रधान भारत माटिया ने बताया कि राजेन्द्र कुमार का जन्म 20 जुलाई 1927 को ब्रिटिश भारत के पंजाब प्रान्त के सियालकोट में हुआ था। जो अब पाकिस्तान में है। वह 60 तथा 70 के दशकों में बॉलीवुड के सफलतम अभिनेताओं में से एक थे। 80 के दशक में वह कई फिल्मों के निर्माता थे। उन्होंने बताया कि राजेन्द्र कुमार ने फिल्मी सफर की शुरुआत 1950 की फिल्म जोगन से की थी। जिसमें उनको दिलीप कुमार और नर्गिस के साथ अभिनय करने का अवसर मिला।

# आपराधिक गतिविधियों व असमाजिक तत्वों पर की जा रही कार्रवाईः गोयल

- जिला पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने जिले में चलाए जा रहे सघन अभियान की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

जिला पुलिस प्रशासन द्वारा अपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने व संदिग्ध व्यक्तियों पर शिकंजा कसने के लिए सघन अभियान चलाया हुआ है। अभियान के तहत अपराधिक गतिविधियों व असमाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने दी। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि जिला पुलिस द्वारा अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर नाकाबंदी कर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान के तहत संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों पर विशेष नजर रखी जा रही है। इसके साथ ही यातायात नियमों की सख्ती से पालना सुनिश्चित करवाई जा रही है। उन्होंने बताया कि जिला पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब पीने और पिलाने वालों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि जिले के सभी थाना प्रबंधकों और यातायात प्रभारियों को आदेश दिए गए हैं कि वह अपने अपने क्षेत्रों में संदिग्ध वाहनों की नियमित जांच करें और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। अभियान के दौरान बिना नंबर प्लेट वाले वाहन, मुंह पर कपड़ा बांधकर वाहन चलाने वाले, काली फिल्म लगे वाहनों तथा सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर शांति भंग करने वाले लोगों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। वहीं, सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने से कानून व्यवस्था की स्थिति प्रभावित होती है।



यमुनानगर में सघन अभियान के तहत वाहनों की जांच करते हुए पुलिस।

#### बिना नंबर प्लेट वाले वाहन बनेंगे निशाना

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने कहा कि अक्सर देखा जाता है कि अपराधी वारदात को अंजाम देने के लिए बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों का उपयोग करते हैं। जिससे उनकी पहचान करना कठिन हो जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि यातायात नियमों की अनदेखी न केवल सड़क हादसों को बढ़ावा देती है। बल्कि असामाजिक तत्वों को भी मौका देती है।

# विद्यार्थियों की व्यक्तिगत क्षमताओं को पहचानना जरूरी : तिवारी



हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल चांदपुर यमुनानगर में कपैसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम (हैप्पी क्लासरुम) पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन के रूप में माइंड ट्री पब्लिक स्कूल नारायणगढ़ के विषय विशेषज्ञ राहुल तिवारी व एमएम इंटरनेशनल स्कूल मुलाना से दीपिका ने भाग लिया। रिसोर्स पर्सन राहुल तिवारी ने बताया कि इस कार्यशाला का मुख्य उदेश्य शिक्षकों के कंटीन्यूअस प्रोफेशनल डेवलपमेंट को सुदृढ़ करना तथा उन्हें विद्यार्थियों के लिए सकारात्मक, प्रेरणादायक एवं आनंददायक लर्निंग एनवायरमेंट तैयार करने की नवीनतम टीचिंग स्ट्रेटेजीज एवं तकनीकों से परिचित करवाना रहा। मौके पर रिसोर्स पर्सन राहुल तिवारी व दीपिका ने शिक्षकों को अपने अनुभव, ज्ञान एवं प्रभावशाली प्रस्तुतियों के माध्यम से हैप्पी क्लासरूम, सोशल एंड इमोशनल लर्निंग, पॉजिटिव क्लासरूम कल्चर, स्टूडेंट एंगेजमेंट, प्रभावी कम्युनिकेशन स्किल्स पर चर्चा की।

# युवा वर्ग बेरोजगारी से हताशःधर्मवीर

- कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पार्टी की नीतियों को लेकर गुमथला में जनसंपर्क कार्यक्रम का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रादौर



यमुनानगर। के गुमथला में जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों को कांग्रेस की नीतियों से अवगत करवाते हुए पार्टी के पूर्व प्रांतीय सचिव एडवोकेट धर्मवीर सिंह वेद।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जनसंपर्क अभियान के तहत गांव गुमथला में लोगों को पार्टी की नीतियों से अवगत करवाया। जनसंपर्क अभियान का नेतृत्व कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव एवं वरिष्ठ नेता एडवोकेट धर्मवीर सिंह वेद ने किया। मौके पर ग्रामीणों ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जोरदार स्वागत किया। कांग्रेस के पूर्व प्रांतीय सचिव एवं वरिष्ठ नेता एडवोकेट धर्मवीर सिंह वेद ने कहा कि देश और प्रदेश में महंगाई इतनी बढ़ गई है कि आज गरीब, बेरोजगार और किसान के लिए गुजारा करना मुसीबत बन गया है। महंगाई ने सभी वर्गों की कमर तोड़ कर रख दी है।

मजदूर अपनी मजदूरी करके भी दो वक्त का राशन नहीं ले पाता है। वहीं, युवा वर्ग बेरोजगारी से हताश है और आत्महत्या कर रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियों से आम जनता त्रस्त हो चुकी है। एडवोकेट धर्मवीर सिंह वेद ने कहा कि आज लोगों के कार्य नहीं हो रहे हैं। भाजपा सरकार के मंत्री एक तरफ कहते हैं कि आमजन को कार्यालयों के चक्कर नहीं कटवाने पड़ते हैं। जबकि सच्चाई यह है कि अधिकारियों की टेबलों पर जनता के कार्यों की फाइलें कई कई महीने से लंबित पड़ी हैं। उन्होंने कहा कि बच्चे महीनों महीनों किसी पेपर की तैयारी करते हैं। मगर जब पेपर देने जाते हैं तो पता चलता है कि वह लीक हो गया है।

# अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में भाकियू निकालेगी जागृति रैली



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रादौर

भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) के कार्यकर्ताओं की रादौर अनाज मंडी में ब्लाकस्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता ब्लाक अध्यक्ष जोगिंद्र सिली व ब्लाक युवा अध्यक्ष टोपरा ने किया। मौके पर विशिष्ठ अतिथि के रुप में यूनियन के जिला अध्यक्ष संजू गुंदियाना भी मौजूद रहे। बैठक में अमेरिका के साथ की जा रही केंद्र सरकार द्वारा डील पर रोष जताते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की गई।

यूनियन के जिला प्रधान संजू गुंदियाना ने बताया कि बैठक का उद्देश्य भारत अमेरिका के बीच होने वाली रहा। ट्रेड डील के विरोध में देशभर के किसान संगठनों ने इक्ट्ठे होकर देश बचाओ मोर्चा बनाया गया है। मोर्चे के आहवान पर 15 जुलाई को किसान पूरे देश में मोटरसाइकिल यात्राएं निकाल कर ट्रेड डील के विरोध में प्रधानमंत्री के नाम जिला उपायुक्तों को ज्ञापन देंगे।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जोन प्रधान बलविन्द्र, राजेश सलूजा, प्रेम दौलतपुर, गुरचरण, मोनू धानुपुरा, सीटू नम्बरदार, सुख पाल राणा, करनैल सिंह, ईश्वर सिंह टोपरा, बिल्लू, विशू ढांडा, पप्पल गुंदयाना आदि मौजूद रहे।

**भक्ति** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान ने जगाधरी में संत संकीर्तन कार्यक्रम करवाया

# गुरु केवल ज्ञान देने वाले शिक्षक नहीं, बल्कि मन में छिपी दिव्यता को जागृत करने वाले मार्गदर्शक

### साध्वी सरस्वती भारती ने साध संगत को प्रवचनों से किया निहाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर





यमुनानगर के जगाधरी में आयोजित संत संकीर्तन कार्यक्रम में प्रवचन करते हुए साध्वी व श्रवण करते साध संगत। फोटो : हरिभूमि

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक स्थित आश्रम में संत संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में साध्वी सरस्वती भारती ने साध संगत को भारतीय संस्कृति में गुरु के स्थान के महत्व से अवगत करवाया। मौके पर साध्वी बहनों ने अपने भजनों के माध्यम से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

साध्वी सरस्वती भारती ने फरमाया कि भारतीय संस्कृति में गुरु ही भगवान का स्वरूप हैं। जो काक प्रवृत्ति के व्यक्ति को भी हंस बना देते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च माना गया है। शास्त्रों में गुरु को ब्रह्मा, विष्णु व महेश्वर की उपमा दी गई है। जो उनके परमेश्वर स्वरूप को उद्घाटित करती है। गुरु केवल ज्ञान देने वाले शिक्षक नहीं होते हैं। बल्कि वह मानव के भीतर छिपी दिव्यता को जागृत करने वाले मार्गदर्शक होते हैं। काक तथा हंस भारतीय दर्शन में प्रतीकात्मक रूप से दो अलग अलग प्रवृत्तियों का प्रतिनिधित्व करते हैं। काक प्रवृत्ति अशांत मन, स्वार्थ, चंचलता, बाहरी आकर्षण और दोष दर्शन का प्रतीक है। जबकि हंस विवेक, पवित्रता, सत्य, ज्ञान और सार ग्रहण करने की क्षमता का प्रतीक माना गया है। हंस के बारे में कहा जाता है कि वह नीर क्षीर विवेक रखता है। अर्थात वह सार और असार में भेद कर सकता है। सद्गुरु की कृपा और सान्निध्य में साधारण व्यक्ति भी अपने भीतर छिपे दिव्य गुणों को पहचानने लगता है।

#### गुरु महिमा का दिया संदेश

वे बताते हैं कि वास्तविक परिवर्तन बाहर नहींए भीतर से प्रारंभ होता है। इसलिए यह कहना पूर्णतः सार्थक है कि एक पूर्ण ब्रह्मनिष्ठ गुरु के बिना मानव जीवन अधूरा है। गुरु की कृपा से साधारण मनुष्य भी विवेकवानए करुणामयए चरित्रवान और समाज के लिए प्रेरणा बनने वाला व्यक्तित्व प्राप्त कर सकता है। यही गुरु शिष्य परंपरा की सबसे बड़ी महिमा है और यही सम्पूर्ण मानव जाति के लिए भारतीय संस्कृति का अमूल्य संदेश भी है। सुंदर भावपूर्ण भजनों एवं विश्व शांति की प्रार्थना हेतु ध्यान साधना के साथ सत्संग कार्यक्रम का समापन किया गया।

### नगर निगम की टीम ने पार्क में की साफ सफाई

# शहर को स्वच्छ बनाने में निगम का सहयोग करें



यमुनानगर। नगर निगम यमुनानगर द्वारा चलाए जा रहे सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान के तहत रविवार को शहर के वार्ड नंबर 21 स्थित सुभाष चंद्र बोस पार्क में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। मेयर सुमन बहमनी और नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद के निर्देशों पर आयोजित इस अभियान का उद्देश्य पार्क को स्वच्छ, सुंदर और नागरिकों के लिए सुरक्षित बनाना रहा। अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने बताया कि मानसून के मौसम में नियमित सफाई और स्वच्छता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। इससे गंदगी के कारण फैलने वाली बीमारियों की रोकथाम के साथ साथ नागरिकों को स्वस्थ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जा सकता है। उन्होंने लोगों से भी अपील की कि सार्वजनिक स्थलों पर कचरा न फैलाएं और शहर को स्वच्छ बनाए रखने में नगर निगम का सहयोग करें। अभियान के दौरान वार्ड पार्षद मंजीत कौर और प्रतिनिधि मदन लाल ने भी सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर नगर निगम की टीम के प्रयासों की सराहना की। मौके पर सफाई मित्रों ने पार्क में पड़ी गंदगी साफ किया। उन्होंने पूरे पार्क में पड़े कूडा कचरा को उठाकर उचित स्थान पर डंप किया और साफ सफाई करके लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के आईईसी विशेषज्ञ आकाश कुमार,गगन कुमार व नगर निगम के सुपरवाइजर अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### स्वास्थ्य केन्द्र में मनाया विश्व जनसंख्या दिवस

**पिहोवा।** स्वास्थ्य केन्द्र पिहोवा में मनाया गया विश्व जनसंख्या दिवस विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष्य में सबडिविजनल हॉस्पिटल पिहोवा में सभी पीएचसी ईचार्ज और सुपरवाइजर ,पुरुष स्वास्थ्य कर्मी की बैठक आयोजित की गई । इस बैठक में प्रवर चिकित्सा अधिकारी डॉ संजीव गोयल ने कहा कि बढ़ती हुई जनसंख्या के लिए परिवार नियोजन के साधन जैसे नलबंदी, नसबंदी,माला एन , अंतरा इंजेक्शन,कॉपर टी इत्यादि का प्रयोग नियमित रूप से किया जाए।

### भवन निर्माण श्रमिकों की मांगों पर बैठक कल

**कुरुक्षेत्र।** भवन निर्माण कारीगर मजदूर यूनियन के जिला सचिव विनोद शाक्य ने बयान जारी करते हुए बताया कि हरियाणा भवन एवं अन्य सन्निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड ने भवन निर्माण श्रमिकों से संबंधित लंबित मांगों के समाधान के लिए 14 जुलाई को पंचकूला स्थित कल्याण बोर्ड कार्यालय में केंद्रीय श्रमिक संगठन एआईयूटीयूसी तथा अन्य श्रमिक संगठनों को बैठक के लिए आमंत्रित किया है। इस बैठक में एआईयूटीयूसी एवं भवन निर्माण कारीगर मजदूर यूनियन हरियाणा के प्रतिनिधि भाग लेंगे।

### रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं : गाबा

**थानेसर।** राजेन्द्र नगर स्थित सहयोग एक कोशिश सहयोग की ओर से श्री अनंत कॉम्प्लेक्स, कुटिया वाली गली में लगाया 9वां रक्तदान शिविर। संस्था के प्रधान साहिल गाबा ने कहा कि जिसका शुभारंभ आश्रम के संत वेदांत पुरी एवं संत सिद्धार्थ पुरी , जालंधर आश्रम के महात्मा केशवानंद ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर साहिल गाबा ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है और एक यूनिट रक्त कई लोगों के जीवन की रक्षा कर सकता है। इस आयोजन की सफलता ने समाज में स्वास्थ्य और जागरूकता के प्रति एक सकारात्मक संदेश दिया है।

## पांच रेलवे फाटकों से मिली स्थायी मुक्ति, रेलवे ने उखाड़े फाटक के पोल

# अब एलिवेटिड ट्रैक से गुजरेगी रेलगाड़ियां नीचे सड़क से वाहन होते रहेंगे क्रॉस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

शहरवासियों को वर्षों से रेलवे फाटकों पर लगने वाले जाम से आखिरकार स्थायी राहत मिल गई है। एलिवेटेड रेलवे ट्रैक पर नियमित ट्रेन संचालन शुरू होने के बाद रेलवे ने शहर के पांच प्रमुख रेलवे फाटकों के पोल और बैरियर हटाने का कार्य शुरू कर दिया है। इससे अब इन मार्गों पर यातायात बिना किसी बाधा के संचालित हो सकेगा। रेलवे के इस कदम के बाद उन लोगों को सबसे अधिक राहत मिली है, जिन्हें दिन में कई बार फाटक बंद होने के कारण लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता था। सुबह और शाम के व्यस्त समय में लगने वाले जाम से अब छुटकारा मिलने लगा है, जिससे लोगों का समय और ईंधन दोनों की बचत होगी। फाटक हटने का सबसे बड़ा लाभ स्थानीय व्यापारियों को भी मिला है। पहले जाम और फाटक बंद रहने के कारण ग्राहक बाजार तक पहुंचने से कतराते थे, जिससे कारोबार प्रभावित होता था। अब यातायात सुचारु होने से बाजारों में ग्राहकों की आवाजाही बढ़ने की उम्मीद है, जिसका सकारात्मक असर व्यापार पर भी दिखाई देगा। शहरवासियों ने एलिवेटेड रेलवे ट्रैक परियोजना और फाटक हटाने के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे कुरुक्षेत्र के यातायात प्रबंधन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। लोगों का कहना है कि वर्षों पुरानी जाम की समस्या खत्म होने से शहर की यातायात व्यवस्था पहले से अधिक सुगम और व्यवस्थित हो जाएगी। रेलवे द्वारा फाटकों से संबंधित अन्य संरचनाओं को हटाने और आसपास के क्षेत्र को व्यवस्थित करने का कार्य भी चरणबद्ध तरीके से जारी है।






**कुरुक्षेत्र।** रेलवे एलिवेटिड ट्रैक के उपर जाती मालगाड़ी व नीचे से निकलता ट्रेफिक और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 जुलाई को जींद से देंगे कुरुक्षेत्र के लोगों को दो बड़ी सौगात

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 जुलाई को जींद से हाइड्रोजन ट्रेन के साथ-साथ कुरुक्षेत्र के रेलवे एलिवेटिड ट्रैक का उद्घाटन और सिख म्यूजियम का शिलान्यास करेंगे। एलिवेटिड ट्रैक प्रोजेक्ट के पूरा होने से शहर के लोगों और बाहर से शहर में आने वाले नागरिकों को बहुत बड़ा लाभ होगा। शहर की पांच रेलवे क्रॉसिंग के ऊपर से रेलवे एलिवेटिड ट्रैक तैयार किया गया है। अब रेलगाड़ी एलिवेटिड ट्रैक से होकर गुजरा करेगी और नीचे बनी सडक से वाहनों के लिए मार्ग 24 घंटे खुला रहेगा। ऐसा होने से वाहन चालकों को जाम में नहीं फंसना पड़ेगा और सबसे बड़ी बात व्यापार में वृद्घि होगी। उन्होंने कहा कि देश की पहली हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेन से किसी भी प्रकार का प्रदूषण नहीं होगा, ईंधन की बचत होगी। इस ट्रेन में करीब 800 यात्री एक बार में यात्रा कर सकेंगे। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों से रेलवे एलिवेटिड ट्रैक का उद्घाटन होगा। पिछले 7 सालों से इस ट्रैक को निर्माण चल रहा था। इसके शुरू होने का शहर के नागरिक इंतजार कर रहे थे। रेलगाड़ी के ट्रायल से ही लोगों में काफी खुशी की लहर है।

### रेलवे ट्रैक व शहर को सजाया जाएगा

उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के लिए रेलवे ट्रैक व शहर को सजाया जाएगा। सुबह 8 बजे इस कार्यक्रम में शहर के नागरिक पहुंचे। इस कार्यक्रम में रेलवे एलिवेटिड ट्रैक का उद्घाटन होने के साथ-साथ सिख म्यूजियम का शिलान्यास भी किया जाएगा, जोकि शहर के विकास और इतिहास को चार चांद लगाने का कार्य करेगी। कुरुक्षेत्र धर्मनगरी के साथ-साथ गुरुओं की भूमि रही हैं।

## 8.14 करोड़ से बनने वाले आधुनिक सामुदायिक केंद्र का शिलान्यास

### सड़क नवीनीकरण का किया उद्घाटन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन, सेक्टर-30 के तत्वावधान में तथा हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) के सहयोग से सेक्टर-30 में 8.14 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले आधुनिक सामुदायिक केंद्र का शिलान्यास, सड़क के नवीनीकरण का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा के करकमलों से किया गया। अतिथियों में एचएसवीपी के कार्यकारी अभियंता कैलाश, एसडीओ सुखविंदर सैनी, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान डॉ. केवल कृष्ण, उपप्रधान नसीब सिंह, महासचिव प्रेम सिंह, चेयरमैन प्रवीण शर्मा, पार्षद बक्शीश कौर, संयुक्त सचिव जोगेंद्र सैनी, कोषाध्यक्ष रजनीश कुमार उपस्थित रहे और अतिथियों का स्वागत किया। सुभाष सुधा ने कहा कि सेक्टर-30 में बनने वाला सामुदायिक केंद्र कुरुक्षेत्र का सबसे आधुनिक और भव्य सामुदायिक केंद्र होगा। इसमें बैडमिंटन कोर्ट, जिम सहित अनेक आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

### सेक्टर-30 में मंदिर के लिए भूमि उपलब्ध करवाने की मांग

सुभाष सुधा ने कहा कि यह उपलब्धि रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान डॉ. केवल कृष्ण और उनकी पूरी टीम के लगातार किए गए प्रयासों का परिणाम है। एसोसिएशन ने पिछले वर्षों में सेक्टर के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य किया है, जिसके कारण आज अधिकांश विकास कार्य पूरे हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि एक समय सेक्टर-30 को पिछड़े क्षेत्रों में गिना जाता था, लेकिन आज यहां सड़कें, पार्क, प्रकाश व्यवस्था सहित अधिकांश आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं। समारोह के दौरान रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से सेक्टर-30 में धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए भव्य मंदिर निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध कराने का मांग-पत्र भी सुभाष सुधा को सौंपा गया। इस पर उन्होंने आश्वासन दिया कि इस मांग को भी प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने का प्रयास किया जाएगा।

# प्रदेश में सबसे पहले शाहाबाद विस ने पूरा किया एसआईआर का कार्य : डीसी

### 172945 मतदाताओं में से 153852 मतदाताओं का हुआ डिजिटाइजेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जिला की शाहाबाद विधानसभा ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के कार्य को प्रदेश में सबसे पहले पूरा किया है, जो शाहाबाद व जिला के लिए बहुत अच्छी सूचना है। उपायुक्त ने बधाई देते हुए इसका श्रेय एसडीएम शाहाबाद शंभू राठी, चुनाव विभाग, बीएलओ, बीएलए और इस कार्य में सहयोग करने वालों को दिया है। उन्होंने कहा कि शाहाबाद विधानसभा में 185 मतदान केंद्रों पर 185 बीएलओ ने एसआईआर का कार्य किया। इन बूथों पर कुल 172945 मतदाता हैं, इनमें से 153852 मतदाताओं यानी 88.86 प्रतिशत का डिजिटाइजेशन और 19033 मतदाता यानी 11.04 प्रतिशत एएसडीडी (ऐबसेंट, शिफ्टेड, डेड एवं डुप्लीकेट) मिले। प्रदेश, जिला के साथ 15 जून से शुरू हुए एसआईआर के कार्य को दो दिन पहले ही शाहाबाद ने पूरा कर लिया है और ऐसा करने वाला शाहाबाद विधानसभा ने सबसे पहली विधानसभा बन गई है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जिला में 810 बूथों पर 783831 मतदाताओं का विशेष गहण पुनरीक्षण किया जा रहा है। अभी तक 781375 मतदाताओं यानी 99.69 प्रतिशत को एन्यूमरेशन फार्म बांटे जा चुके हैं। इनमें लाडवा विधानसभा में 99.84 प्रतिशत, शाहाबाद विधानसभा में 100 प्रतिशत, थानेसर विधानसभा में 99.49 प्रतिशत और पिहोवा विधानसभा में 99.47 प्रतिशत शामिल हैं।

# दीदार नगर में नदी का पानी घुसने से लोगों में रोष

### सरस्वती नदी की नियमित सफाई और जल निकासी की स्थायी व्यवस्था करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

वार्ड-27 के दीदार नगर स्थित गली नंबर-6 में सरस्वती नदी का पानी घुसने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। पानी भरने से कई खाली प्लॉट जलमग्न हो गए और आसपास के क्षेत्र में जलभराव की स्थिति बन गई। इससे स्थानीय लोगों में रोष फैल गया और उन्होंने पार्षद धनराज को खरी-खोटी सुनाई। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरस्वती नदी में कचरा और झाड़ियां फंसने के कारण पानी का बहाव बाधित हो गया, जिससे पानी रिहायशी क्षेत्र में प्रवेश कर गया। लोगों ने आरोप लगाया कि समय रहते नदी की सफाई कराई जाती तो यह स्थिति नहीं बनती। सूचना मिलने पर पार्षद धनराज व प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और पानी की निकासी का कार्य शुरू कराया। सिंचाई विभाग के एसडीओ सोमनाथ ने बताया कि जलभराव को कम करने के लिए जेसीबी मशीन और मजदूरों को मौके पर बुलाया गया है। उन्होंने कहा कि पानी की निकासी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और जल्द ही स्थिति सामान्य करने का प्रयास किया जाएगा। मौके पर पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा के निजी सचिव राजू सेठी भी पहुंचे। उन्होंने प्रभावित लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और प्रशासनिक अधिकारियों से जल्द से जल्द पानी की निकासी सुनिश्चित करने का आग्रह किया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सरस्वती नदी की नियमित सफाई और जल निकासी की स्थायी व्यवस्था करने की मांग की है, ताकि भविष्य में बरसात के दौरान ऐसी स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो।



**कुरुक्षेत्र।** दीदार नगर में खाली प्लॉट में जमा पानी।

# भारत-अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में आंदोलन की रणनीति तैयार

### भारतीय किसान यूनियन पिहोवा की किसान रेस्ट हाउस में बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

भारतीय किसान यूनियन (पिहोवा) की अहम बैठक आज किसान रेस्ट हाउस पिहोवा में हल्का प्रधान कवलजीत विर्क व युवा प्रधान मनीष मलिक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रिंस वड़ैच ने कहा कि यह ट्रेड डील किसानों, पशुपालकों, छोटे व्यापारियों तथा देश की खाद्य एवं आर्थिक संप्रभुता के लिए गंभीर खतरा है। यदि यह समझौता लागू होता है तो भारतीय कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। इसलिए इस समझौते का पुरजोर विरोध किया जाएगा। बैठक में बताया गया कि 25 जून को चंडीगढ़ में देशभर के विभिन्न किसान संगठनों की बैठक तथा 1 जुलाई को हुई बैठक में सभी संगठनों ने एक मंच पर आकर /"देश बचाओ मोर्चा/" का गठन किया था। उसी मोर्चे द्वारा भारत-अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में 15 जुलाई और 21 जुलाई के देशव्यापी कार्यक्रमों का निर्णय लिया गया। मीटिंग में उन संयुक्त कार्यक्रमों को सफल बनाने की रणनीति तैयार की गई। तय किया गया कि 15 जुलाई को पिहोवा अनाज मंडी में इक्ट्ठे होकर मोटरसाइकिल यात्रा निकाली जाएंगी।



### सिद्धार्थ ध्यान योग शिविर

**कुरुक्षेत्र।** श्रीदुर्गा देवी मंदिर पिपली के पीठाधीश एवं समर्थगुरु धारा हिमाचल के जोनल कोऑर्डिनेटर आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि समर्थगुरु धाम, मुरथल (हरियाणा) के संस्थापक समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया के सान्निध्य में आयोजित प्रेम योग कार्यक्रम के फीडबैक सत्र में श्रद्धा, भक्ति और प्रेम का अनुपम संगम देखने को मिला। देशभर से पहुंचे साधकों ने इस आध्यात्मिक आयोजन को आत्मिक ऊर्जा, दिव्य अनुभूति और गुरु कृपा से परिपूर्ण बताते हुए गहरा अहोभाव व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिकता का वास्तविक अर्थ शिकायत से अहोभाव की यात्रा है। जब साधक ईश्वरीय प्रेम, भक्ति और कृतज्ञता के भाव से जुड़ता है, तभी जीवन में सकारात्मक परिवर्तन और आत्मिक शांति का अनुभव होता है।



# झांसा रोड पर तीन दिन से जलभराव राहगीरों व वाहन चालकों को परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र के झांसा रोड स्थित भिवानी खेड़ा गांव के पास शुक्रवार को हुई बारिश का पानी रविवार तक भी सड़क पर जमा रहा। पानी की निकासी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण सड़क पर जलभराव बना हुआ है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह मार्ग कुरुक्षेत्र से झांसा जाने वाले प्रमुख संपर्क मार्गों में शामिल है, जिस पर प्रतिदिन सैकड़ों छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं। सड़क पर भरे पानी के कारण वाहन चालकों को धीमी गति से गुजरना पड़ रहा है, वहीं दोपहिया वाहन चालकों और पैदल आने-जाने वालों के लिए फिसलने और दुर्घटना का खतरा भी बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश के कई दिन बाद भी पानी का सड़क पर जमा रहना प्रशासन की जल निकासी व्यवस्था की पोल खोलता है। उनका आरोप है कि नालियों की उचित सफाई और निकासी की व्यवस्था नहीं होने से हर बारिश में यही स्थिति पैदा हो जाती है। ग्रामीणों और राहगीरों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क पर जमा पानी की तत्काल निकासी कराई जाए तथा स्थायी जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में लोगों को इस तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।



### आदेश अस्पताल में विशेष शिविर 13 से 18 जुलाई तक

**शाहबाद।** विश्व प्लास्टिक सर्जरी दिवस के अवसर पर मोहड़ी स्तिथ आदेश मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में 13 जुलाई से 18 जुलाई तक विशेष प्लास्टिक सर्जरी एवं लेजर उपचार जागरूकता शिविर आयोजित किया जायेगा । इस दौरान त्वचा संबंधी विभिन्न समस्याओं के उपचार के लिए लेजर प्रक्रियाओं पर मरीजों को आधी दरों कि छूट प्रदान की जाएगी। प्रबंध निदेशक डा गुणतास सिंह गिल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस पहल का उद्देश्य आधुनिक प्लास्टिक सर्जरी एवं लेजर उपचार के प्रति लोगों को जागरूक करना और जरूरतमंद मरीजों को किफायती उपचार उपलब्ध कराना है।



### अनाथ बच्चों संग रोटरी क्लब एलीट पिहोवा ने बांटा अपनापन, भावुक कर गई सेवा की मिसाल

**पिहोवा।** अन्नपूर्णा दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब एलीट पिहोवा ने सेवा और संवेदनशीलता की अनूठी मिसाल पेश करते हुए /"एक भोजन, अनेक मुस्कानें/" अभियान के तहत पटियाला के निकट स्थित माता गुजरी आश्रम, ढकाला में रह रहे 100 से अधिक अनाथ बच्चों के साथ पूरा दिन बिताया। क्लब सदस्यों ने बच्चों के साथ बैठकर भोजन किया, खेल खेले, नृत्य किया, भांगड़ा डाला, जन्मदिन मनाया और जरूरत का सामान भेंट कर उन्हें परिवार जैसा अपनापन महसूस कराया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों की मासूम मुस्कान और स्नेह ने सभी को भावुक कर दिया। महिला सदस्यों ने बच्चों को गले लगाकर मां जैसा स्नेह दिया तो बच्चों ने भी खुलकर प्रेम और आत्मीयता का जवाब दिया। रोटेरियन राहुल अरोड़ा ने अपना जन्मदिन बच्चों के बीच मनाया, वहीं जुलाई माह में जन्मदिन वाले सभी बच्चों के साथ केक काटकर उत्सव मनाया गया। पूर्व प्रधान राजीव थरेजा ने बच्चों के साथ खेलते हुए पंजाबी गीतों पर जमकर भांगड़ा किया। क्लब की प्रधान डॉ. सिमरन संधू ने कहा कि सेवा केवल दान नहीं, बल्कि किसी के जीवन में प्यार और उम्मीद जगाने का माध्यम है। सचिव निधि चावला ने बताया कि उद्देश्य बच्चों को यह एहसास दिलाना था कि वे अकेले नहीं हैं।

## हसला ने पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा को सौंपा ज्ञापन, मुख्यमंत्री से समाधान करवाने का मिला आश्वासन

# ओपीएस और ग्रेड पे समेत 16 मांगों पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा स्कूल लेक्चरर्स एसोसिएशन (हसला) के जिला प्रधान एवं राज्य महासचिव डॉ. तरसेम कौशिक तथा जिला चेयरमैन सतबीर कौशिक के नेतृत्व में हसला के प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा से भेंट कर प्राध्यापकों की वर्षों से लंबित एवं न्यायोचित 16 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा विभाग में कार्यरत प्राध्यापकों के समक्ष आ रही प्रशासनिक, सेवा संबंधी एवं वित्तीय समस्याओं से उन्हें विस्तारपूर्वक अवगत कराया तथा इन मांगों का शीघ्र समाधान करवाने का आग्रह किया। इस अवसर पर जिला प्रधान डॉ. तरसेम कौशिक एवं जिला चेयरमैन सतबीर कौशिक ने कहा कि हरियाणा के स्कूल लेक्चरर्स लंबे समय से अपनी न्यायोचित मांगों के समाधान की प्रतीक्षा कर रहे हैं। हसला के जिला प्रधान डॉ. तरसेम कौशिक ने बताया कि संगठन ने प्राध्यापकों की 16 सूत्रीय मांगों को सरकार के समक्ष प्रमुखता से रखा है। सुभाष सुधा ने ज्ञापन पर गंभीरता से विचार करते हुए कहा कि प्राध्यापकों की अधिकांश मांगें पूर्णतः न्यायोचित हैं और उनका समाधान सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने डॉ. तरसेम कौशिक एवं हसला प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि वे शीघ्र ही हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री के साथ हसला के प्रतिनिधिमंडल की विशेष बैठक आयोजित करवाएंगे, ताकि इन सभी मांगों पर विस्तार से चर्चा कर उनका सकारात्मक समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने यह भी विश्वास दिलाया कि हसला की सभी मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाने के लिए वे स्वयं मुख्यमंत्री एवं संबंधित विभाग के समक्ष प्रभावी ढंग से पैरवी करेंगे तथा हर संभव प्रयास करेंगे।



**कुरुक्षेत्र।** पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा को ज्ञापन सौपते हसला के पदाधिकारी।

### मांगी गई प्रमुख मांगें

इन मांगों में पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) की बहाली, पीजीटी के स्थान पर लेक्चरर पदनाम की राजपत्र (गजट) अधिसूचना जारी करना, प्राचार्य पदों पर 100 प्रतिशत पदोन्नति प्राध्यापक वर्ग से करना, लंबित ट्रांसफर ड्राइव शीघ्र शुरू करना, प्राध्यापकों की कन्फर्मेशन सूची जारी करना, चाइल्ड केयर लीव की प्रक्रिया का सरलीकरण, कॉलेज कैडर में पदोन्नति के अवसर उपलब्ध कराना, एचसीएस की विभागीय भर्ती परीक्षा में आवेदन की अनुमति प्रदान करना, प्राध्यापकों को गैर-शैक्षणिक कार्यों से पूर्णतः मुक्त करना, केंद्र सरकार के अनुरूप हाउस रेंट अलाउंस में संशोधन, ग्रेड पे 4,800 से बढ़ाकर 5,400 करने तथा सेवा संबंधी मामलों के समयबद्ध निस्तारण के लिए सिटिजन चार्टर को प्रभावी ढंग से लागू करने की मांग भी रखी गई। इसके अतिरिक्त प्राध्यापकों को मेडिकल लीव की सुविधा, ग्रुप-बी कर्मचारियों को कम्पेन्सेटरी लीव, सभी कर्मचारियों को सरकारी पहचान-पत्र जारी करने तथा हरियाणा सरकार के कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु 58 वर्ष से बढ़ाकर 60 वर्ष करने की मांग भी ज्ञापन में शामिल है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला चेयरमैन सतबीर कौशिक, जिला महासचिव जयप्रकाश गागट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष नरेश शर्मा, डॉ. रविदत्त, अरविंद कुमार, उप महासचिव संदीप फोगाट, डॉ. रामशरण, वित्त सचिव अलीशेर, रामेश्वर दास, प्रेस सचिव संजीव जिंदल, राजबीर सिंह, लोकेश राणा, सतीश शर्मा, भजन लाल, नरेंद्र कुमार, जसबीर सिंह, अमरजीत सिंह, सोहन लाल, सुरेंद्र कुमार, सुशील कौशिक, मनीराम, सुभाष चौहान, पवन बूरा, प्रदीप कुमार, प्रवीण कुमार, रामप्रसाद, संजय वर्मा, विनीत गुप्ता, राजेंद्र शर्मा, डॉ. बलवान सिंह, प्रवीण कबीर, अतुल शर्मा, कैलाश सैनी सहित हसला के अनेक पदाधिकारी एवं प्राध्यापक उपस्थित रहे।

## 30 हजार के नकद पुरस्कार से सम्मानित किए जाएंगे खिलाड़ी, विजेताओं को मिलेगा राज्य के प्रतिनिधित्व का मौका

# हरियाणा अंडर-17 शतरंज चैंपियनशिप में 150 से अधिक खिलाड़ियों ने प्रतिभा का दमखम दिखाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर स्थित पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में 30वीं हरियाणा स्टेट अंडर-17 (बालक एवं बालिका) शतरंज चैंपियनशिप-2026 का शुभारंभ अंबाला डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि समाजसेवी योगी दिनेश जिंदल रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि अखिल जैन एवं शिल्पी जैन ने कार्यक्रम में अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से 150 से अधिक अंडर-17 बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया। अंबाला डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन के सचिव किरणदीप गौड़ ने बताया कि यह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हरियाणा की सबसे प्रतिष्ठित जूनियर शतरंज प्रतियोगिताओं में से एक है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी आगामी राष्ट्रीय अंडर-17 शतरंज चैंपियनशिप में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन हेतु प्रतियोगिता में 30,000 की कुल नकद पुरस्कार राशि के साथ आकर्षक ट्रॉफियां एवं मेडल प्रदान किए जाएंगे। मुख्य अतिथि योगी दिनेश जिंदल ने खिलाड़ियों के साथ शतरंज की पहली चाल चलकर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि शतरंज केवल एक खेल नहीं, बल्कि जीवन में धैर्य, अनुशासन, एकाग्रता, रणनीतिक सोच एवं सही निर्णय लेने की क्षमता विकसित करने वाला श्रेष्ठ माध्यम है। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए निरंतर उत्कृष्टता प्राप्त करने का आह्वान किया।


अंबाला। प्रतियोगिता के दौरान अपनी चाल चलते खिलाड़ी।

### राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता से निखरेगी युवा प्रतिभा

इस अवसर पर पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य एवं अंबाला डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन के चेयरमैन डॉ. विकास कोहली ने कहा कि शतरंज विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास, तार्किक चिंतन, स्मरण शक्ति तथा आत्मविश्वास को सशक्त बनाता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने तथा राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का उत्कृष्ट मंच प्रदान करती हैं। अंबाला डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन की प्रधान नम्रता गौड़ ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ियों, अभिभावकों, प्रशिक्षकों एवं अधिकारियों का स्वागत करते हुए प्रतियोगिता के सफल आयोजन की शुभकामनाएं दीं। सचिव किरणदीप गौड़ ने बताया कि प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को एसपी अजीत सिंह शेखावत द्वारा पुरस्कार वितरण समारोह में मेडल, ट्रॉफी एवं नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के सफल एवं निष्पक्ष संचालन के लिए द हरियाणा चेस एसोसिएशन द्वारा लक्ष्य अरोड़ा को मुख्य निर्णायक तथा जय राज को सहायक निर्णायक नियुक्त किया गया है। कार्यक्रम के दौरान डॉ. रवि, निपुण, लक्ष्य, मनीष शर्मा, रंधीर तथा अंबाला डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन के वाइस प्रेसिडेंट आशीष शर्मा सहित एसोसिएशन के पदाधिकारी, प्रशिक्षक एवं अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### पद्म पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित

**अंबाला।** डीसी अजय सिंह तोमर ने बताया कि गणतंत्र दिवस 2027 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कारों नामत पद्म विभूषण, पद्म भूषण व पद्मश्री के लिए गृह मंत्रालय की ओर से ऑनलाइन नामांकन करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिसके लिए अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 है। नामांकन अथवा अनुशंसा केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन ही स्वीकार की जाएंगी। नामांकन करने वाले व्यक्ति एक व्याख्यात्मक प्रशस्ति-पत्र भी जिसमें अनुशंसित व्यक्ति की संबंधित क्षेत्र/विषय में विशिष्ट और अन्य उपलब्धियों/सेवाओं का स्पष्ट उल्लेख प्रस्तुत करना होगा।

### 18 जुलाई को लगेगी विशेष लोक अदालत

**अंबाला।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला एवं सत्र न्यायाधीश-कम-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 18 जुलाई 2026 को जिला न्यायालय परिसर में (एनआई एक्ट) से संबंधित मामलों हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष लोक अदालत का उद्देश्य धारा 138 एनआई एक्ट से संबंधित लंबित मामलों का आपसी समझौते एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से त्वरित निपटारा करना है, जिससे पक्षकारों का समय एवं धन दोनों की बचत हो सके तथा न्यायिक प्रक्रिया को सरल एवं प्रभावी बनाया जा सके।

### 15 तक चुनें पसंदीदा आईटीआई व्यवसाय

**अंबाला।** अंबाला शहर के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य दिनेश राणा ने बताया कि जिन छात्र छात्राओं ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में दाखिले के लिए आवेदन किया हुआ है। आईटीआई व व्यवसाय के चयन की तिथि 15 जुलाई है।

### गणना प्रपत्रों में नहीं रहे कोई कमी

**शहजादपुर।** निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी शिवजीत भारती ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हरियाणा के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान अंतिम चरण में पहुंच चुका है। इस संबंध में चुनाव सुपरवाइजरों एवं बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं।

## सदस्य कर रहे हैं मीटिंग होने का इंतजार

# डेढ़ महीना बीता, लेकिन नहीं हुई सदन की पहली मीटिंग

*शपथ ग्रहण के डेढ़ माह बाद भी अंबाला नगर निगम सदन की पहली बैठक नहीं, 28 मई को मेयर अक्षिता सैनी और 20 पार्षदों ने ली थी शपथ*

**सोनीपत और पंचकूला नगर निगम सदनों की हो चुकी एक-एक बैठक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नगर निगम चुनाव के बाद सदस्यों की शपथ को डेढ़ महीना हो चुका है। अभी तक मेयर की ओर से सदन की पहली मीटिंग नहीं बुलाई गई।हालांकि सरकारी अवकाश होने के बावजूद मेयर अक्षिता सैनी ने अंबाला शहर नगर निगम कार्यालय जाकर अपना पदभार भी ग्रहण कर लिया था। उसी दिन मेयर के साथ साथ सभी 20 वार्डों से निर्वाचित सदस्यों का भी शपथ-ग्रहण हुआ था। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के एडवोकेट एवं म्युनिसिपल एक्ट के जानकार हेमंत कुमार ने बताया कि विधिवत (कानूनी) तौर पर मौजूदा अंबाला शहर नगर निगम सदन का गठन उसी दिन 28 मई से हो गया था। अंबाला शहर नगर निगम के साथ साथ पंचकूला और सोनीपत नगर निगमों के भी आम चुनाव कराए गए थे। दोनों नगर निगमों के वार्डों से निर्वाचित सदस्यों को भी 28 मई को पद और निष्ठा की शपथ दिलाई गई थी। हालांकि शपथ-ग्रहण के बाद सोनीपत नगर निगम सदन की पहली बैठक 6 जून को जबकि पंचकूला नगर निगम सदन की प्रथम बैठक 16 जून को आयोजित हो चुकी है परंतु अंबाला शहर नगर निगम सदन की मीटिंग अभी तक नहीं हुई है। हेमंत ने मेयर अक्षिता सैनी से सार्वजनिक अपील करते हुए सदन की पहली मीटिंग बुलाए जाने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि हरियाणा नगर निगम कानून, 1994 की धारा 52 (1) अनुसार निगम निगम सदन की सामान्यत हर महीने एक बैठक अवश्य होनी चाहिए। अगस्त, 2019 में उक्त धारा में हरियाणा विधानसभा द्वारा संशोधन कर यह भी कानूनी प्रावधान किया गया था कि हर माह की (मासिक) बैठक के अलावा हर नगर निगम को प्रत्येक 6 माह में कम से कम तीन दिनों की बैठक भी आवश्यक हैं।



अंबाला। नगर निगम का बाहरी दृश्य।

### बैठक हो या नहीं मानदेय तय

हेमंत ने बताया कि नवंबर, 2023 में हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा प्रदेश की सभी शहर निकायों के पदाधिकारियों के मासिक मानदेय में वृद्धि की गई थी जिसके द्वारा नगर निगम मेयर का मानदेय 30 हजार रुपये प्रतिमाह, सीनियर डिप्टी मेयर का 25 हजार व डिप्टी मेयर का 20 हजार प्रतिमाह व हर सदस्य को 15_15 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन दिया जाना है। तीन मनोनीत सदस्यों को भी हर महीने 15 हजार रुपये मिलते हैं। इस संबंध में सारा खर्च हालांकि नगर निगम के अपने फंड में से ही किया जाता है। बेशक नगर निगम सदन की प्रतिमाह बैठक हो या न हो, नगर निगम के सभी पदाधिकारियों को हर महीने मानदेय की धनराशि अवश्य प्राप्त होती है।

# रिहायशी बस्ती में कीचड़ ने बढ़ाई मुसीबत, लोग बोले जीना हुआ दुश्वार

- फिसलन के कारण कई लोग घायल, तीन दिनों से बच्चे स्कूल नहीं जा सके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

बराड़ा-दोसडक्का रोड स्थित सांई मंदिर के समीप फतेह सिंह कॉलोनी के लोग बेहद परेशान हैं। वजह यहां सीवरेज कार्य के बाद अधूरी छोड़ी गई सड़क और बारिश के कारण गली में कीचड़ हो गया है। लोगों ने बताया कि उन्होंने जीवनभर की जमा-पूंजी लगाकर यहां आशियाना बनाया था लेकिन मूलभूत सुविधाओं के नाम पर उन्हें केवल निराशा हाथ लगी है। कई वर्षों से वे नगरपालिका प्रशासन से सड़क पक्की करने की मांग कर रहे हैं लेकिन कोई सुध लेने वाला नहीं है। हाल ही में सीवरेज डालने के नाम पर गली की खुदाई की गई, लेकिन काम पूरा करने के बजाय उसे बदतर हालात में छोड़ दिया गया। बारिश ने रही-सही कसर पूरी कर दी है। गली में जलभराव और फिसलन से कई लोग गिरकर चोटिल हो चुके हैं। अभिभावकों ने बताया कि गली की दुर्दशा के कारण पिछले तीन दिनों से उनके बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। निवासियों का आरोप है कि नियमित टैक्स देने के बावजूद न तो सड़क बन रही है और न ही इलाके में कभी सफाई कर्मचारी आता है। उधर अधोया मुसलमान गांव में बरसात के दौरान जलभराव की समस्या से निपटने के लिए सरपंच वीना रानी ने तैयारी कर ली है। सरपंच प्रतिनिधि कैलाश कुमार के नेतृत्व में गांव में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। जेसीबी मशीन की मदद से खाटूश्याम जी मंदिर परिसर, पंजाब नेशनल बैंक के आसपास और मुख्य बाजार की नालियों की सफाई करवाई गई। इसके साथ ही, शहीद उधम सिंह चौक से लेकर गांव तक सड़क किनारे जमा गंदगी और झाड़ियों को हटाया गया। सरपंच प्रतिनिधि ने कहा कि ग्रामीणों को परेशानी से बचाना पंचायत की प्राथमिकता है।

## ठगों ने जीजा बनकर साले को लगाया चूना, 2.43 लाख रुपये की ठगी की

फेसबुक आईडी हैक कर अंजाम दी वारदात, अब साइबर सैल ने धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूजर ▶▶| अंबाला

- फर्जी मैसेज भेजकर खाते में लाखों रुपये ट्रांसफर करने का झांसा दिया।

अमेरिका में रहने वाले जीजा की फेसबुक आईडी हैक कर साइबर ठग ने नारायणगढ़ के रवि कुमार से 2.43 लाख रुपये की ठगी कर ली। पहले साइबर ठग ने व्हाट्सएप पर चैट पर झांसे में लिया और फिर खाते से लाखों रुपये डालने की बात कहकर पैसे अपने खाते में डलवा लिए। नोडल साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन पंचकूला से प्राप्त जीरो प्राथमिकी के आधार पर अंबाला साइबर क्राइम पुलिस ने केस दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी है। नारायणगढ़ के खानपुर राजपुतान गांव के रवि कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह खेतीबाड़ी करता है। बहन प्रवीण कुमारी और जीजा दीपक सैनी करीब 7 साल से अमेरिका में रह रहे हैं। 8 जुलाई को रवि के पास उसके जीजा दीपक सैनी की फेसबुक आईडी से एक मैसेज आया। हालचाल पूछने के बाद साइबर ठग ने जीजा बनकर उससे व्हाट्सएप का नंबर मांगा। बाद में 7-8 लाख रुपये भेजने की बात बोलकर झांसे में लिया और कहा कि वह जरूरत पड़ने पर इस्तेमाल कर सकता है। ठग ने व्हाट्सएप पर फर्जी मैसेज भेजकर पहले 8.72 लाख रुपये व कुछ देर बाद करीब 32 लाख रुपये भेजने का दावा किया।पीड़ित रवि ने बताया कि साइबर ठग ने एक अन्य मोबाइल नंबर भेजकर कहा कि यह एजेंसी वालों का नंबर है, इनसे बात कर लो। जब उस नंबर पर व्हाट्सएप कॉल की तो सामने वाले व्यक्ति ने कहा कि तुम्हारे जीजा दीपक हमारे कार्यालय में दस्तावेज रिन्यू कराने आए थे। यहां उन्होंने तोड़फोड़ व स्टाफ के साथ मारपीट की है। अगर हर्जाना नहीं दिया तो पुलिस केस हो जाएगा। ठग इतना शातिर था कि विश्वास दिलवाने के लिए जीजा बने व्यक्ति से रोते हुए बात भी करवाई। इस तरह से 8 व 9 जुलाई को पैसे साइबर ठग के खाते में डाले। ठग ने जब दोबारा मारपीट का वीडियो भेजकर 3.85 लाख रुपये ओर मांगे तो शक होने पर बहन प्रवीण कुमारी को फोन किया तो इस ठगी का खुलासा हुआ।

## सद्गुरु के मार्गदर्शन से ही परमात्मा और जीवन सत्य की प्राप्ति संभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



अमीन रोड स्थित जय ओंकार आश्रम में रविवार को साप्ताहिक सत्संग का आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया गया। सत्संग में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आध्यात्मिक प्रवचनों का श्रवण किया। सद्गुरुदेव स्वामी श्री शक्ति देव महाराज कुरड़ी वाले एवं स्वामी श्री संतोष ओंकार महाराज कुरड़ी वाले ने संगत को संबोधित करते हुए कहा कि सद्गुरु निराकार परब्रह्म ओंकार भगवान का साकार स्वरूप हैं। सद्गुरु के माध्यम से ही मनुष्य परमात्मा के वास्तविक स्वरूप और जीवन के सत्य का ज्ञान प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि यह संसार एक मुसाफिरखाना है, जहां राजा हो या भिखारी, प्रत्येक व्यक्ति अपने कर्मों के अनुसार जीवन यात्रा पूर्ण कर अंततः परमात्मा के चरणों में विलीन हो जाता है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति गुरु नाम का जाप, कीर्तन और स्मरण करता है, वह सहज भाव से सद्गुरु के चरणों में स्थान प्राप्त करता है तथा आनंदमय जीवन व्यतीत करता है। सद्गुरु की कृपा से वह ईश्वर की अनुकंपा प्राप्त कर पुनः लोककल्याण और गुरु सेवा के उद्देश्य से इस संसार में आता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में गुरु नाम का निरंतर जाप, सत्संग और ध्यान को स्थान देना चाहिए।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हरियाणा दौरा विकास के नए युग का शंखनाद करेगा : सुभाष कलसाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

हरियाणा राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन सुभाष कलसाना ने कहा कि 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हरियाणा के जींद का दौरा प्रदेश के विकास को नई दिशा देने वाला साबित होगा। ग्राम पंचायत एवं ग्रामीणों द्वारा गाँव डल्ला माजरा में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए सुभाष कलसाना ने कहा कि जींद में आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के ऑडिटोरियम में लाइव दिखाया जायेगा और इस मोके पर कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जींद से ही वर्चुअल माध्यम से थानेसर के लिए एलेवेटेड ट्रैक सहित सिख इतिहास से जुड़े संग्रहालय और अन्य विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ताओ और ग्रामीणों को 17 जुलाई को इस कार्यक्रम में शामिल होने का न्योता दिया। सुभाष कलसाना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत का जो संकल्प लिया है, उसमें हरियाणा की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पूरी प्रतिबद्धता के साथ प्रधानमंत्री के विजन को धरातल पर उतार रहे हैं। उनका सरल, संवेदनशील और जनहितैषी नेतृत्व प्रदेश के प्रत्येक वर्ग तक विकास का लाभ पहुंचा रहा है। चेयरमैन रविंद्र सांगवान ठोल ने भी अपने संबोधन में लोगों से 17 जुलाई के कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया। पार्षद दीपक आनंद ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हो रहे विकास कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में मंच का संचालन बिट्टू थडोली ने किया।


शाहबाद। जनसभा को संबोधित करते चैयरमेन सुभाष कलसाना।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में दाखिले के लिए 31 जुलाई तक करें आवेदन

**अंबाला।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय कौलां के प्रिंसिपल अजय कुमार लिमल ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय के कक्षा छठी के प्रवेश हेतू परीक्षा 2027 के अभ्यार्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 तक है। जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा की तिथि दिनांक 28 नवंबर 2026 है। अभ्यर्थी की आयु 1 मई 2015 से 31 जुलाई 2017 के मध्य होनी चाहिए शैक्षणिक सत्र 2026-2027 में अभ्यर्थी जिले में कक्षा 5वीं में अध्ययन किया होना चाहिए। ऑनलाईन माध्यम से आवेदन करने वाले इच्छुक अभ्यर्थी नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट पर जाकर अपना आवेदन फार्म भर सकते हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## उपायुक्त ने समय सीमा से पहले फॉर्म भरकर बीएलओ को सौंपने की अपील की

# 14 तक गणना प्रपत्र जमा करें, मतदाता सूची में नाम सुनिश्चित करें

- फॉर्म जमा नहीं करने पर मतदाता सूची में नाम शामिल नहीं होगा
- सही जानकारी भरकर हस्ताक्षर सहित फॉर्म बीएलओ को सौंपें
- सभी बीएलओ को समयबद्ध डिजिटलीकरण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने जिले के सभी मतदाताओं से विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत अपना गणना प्रपत्र (इम्यूनरेशन फॉर्म) समय पर भरकर संबंधित बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) को जमा कराने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि गणना प्रपत्र जमा कराने की अंतिम तिथि 14 जुलाई 2026 है। अब इसके लिए केवल दो दिन शेष हैं। उपायुक्त ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा के निर्देशानुसार जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र उपलब्ध कराए गए हैं तथा भरे हुए गणना प्रपत्र प्राप्त कर उनका डिजिटलीकरण कर रहे हैं। प्रत्येक पात्र मतदाता के लिए निर्धारित समय सीमा के भीतर गणना प्रपत्र जमा कराना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि जिन मतदाताओं द्वारा 14 जुलाई तक अपना गणना प्रपत्र संबंधित बीएलओ को जमा नहीं कराया जाएगा, उनके नाम मतदाता सूची में नहीं आएगा। ऐसे मतदाताओं को भविष्य में अपना नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित पूरी प्रक्रिया से दोबारा गुजरना पड़ेगा। इसलिए किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए सभी मतदाता समय रहते जल्द से जल्द अपना गणना प्रपत्र भरकर जमा कराएं।

### डिजिटलीकरण के लिए सही विवरण देना जरूरी

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं से अपील की कि गणना प्रपत्र पर अपना नवीनतम पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटो चस्पा करें। आवश्यक जानकारी सही एवं स्पष्ट रूप से भरें तथा हस्ताक्षर कर संबंधित बीएलओ को निर्धारित समय सीमा के भीतर उपलब्ध कराएं, ताकि उनका विवरण समय पर डिजिटल रूप से अपडेट किया जा सके। उन्होंने सभी बीएलओ को भी निर्देश दिए कि वे शेष गणना प्रपत्रों का संग्रहण एवं डिजिटलीकरण निर्धारित समयावधि में पूरी गंभीरता, पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित करें तथा कोई भी पात्र मतदाता इस अभियान से वंचित न रहे। तोमर ने कहा कि मतदाता गणना प्रपत्र समय पर भरकर जमा कराएं, ताकि जिले की मतदाता सूची पूर्णतः अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाई जा सके।